# वार्षिक प्रतिवेदन 2024–25

राजकीय कन्या महाविद्यालय, उन्हाणी ने ग्रामीण अंचल में स्थापित होने के बावजूद, अल्प समय में ही शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह–पाठ्यचर्या क्रियाकलापों में शानदार प्रदर्शन करके इस क्षेत्र के एक विशिष्ट शैक्षिक केंद्र के रूप में पहचान बनाई है। सत्र 2024–25 में भी महाविद्यालय ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं।

1. शैक्षणिक उपलब्धियाँ

- ग्रामीण पृष्ठभूमि की छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट बौद्धिक प्रदर्शन से शहरी छात्राओं को चुनौती देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।
- इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर (रेवाड़ी) की मेरिट सूची में महाविद्यालय की छात्राओं ने कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में अनेक स्थान प्राप्त किए। विश्वविद्यालय मेरिट सूचि में विशेष स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं की सूची इस प्रकार है–

| क्रम संख्या | छात्रा का नाम | अनुक्रमांक | संकाय | सामिसत्र | प्रतिशत | विश्वविद्यालय मैरिट सूची में स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Nancy | 222421101059 | B.A. | 5th Sem | 84.25 | 5th |
| 2 | Kajal | 222421101031 | B.A. | 5th Sem | 83.00 | 10th |
| 3 | Kalpana | 232421103012 | B.Sc. | 3rd Sem | 83.8 | 5th |
| 4 | Anshika | 232421103009 | B.Sc. | 3rd Sem | 81.8 | 8th |
| 5 | Nisha | 222421102005 | B.Com. | 5th Sem | 82.33 | 2nd |
| 6 | Divya Kumari | 222421102020 | B.Com. | 5th Sem | 80.5 | 10th |
| 7 | Peehu | 232421102014 | B.Com. | 3rd Sem | 78.17 | 3rd |

2. राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) गतिविधियाँ

- महाविद्यालय की दोनों एन.एस.एस. इकाइयों ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु निम्नलिखित अभियान चलाए–
- स्वच्छता अभियान– कॉलेज परिसर एवं आस–पास के क्षेत्रों में स्वच्छता रैलियाँ, श्रमदान आदि क्रियाकलापों के माध्यम से स्वच्छ भारत का संदेश प्रसारित किया गया।

- प्रशिक्षित छात्राओं द्वारा अन्य छात्राओं एवं समाज में योग का प्रसार किया गया।

7. सांस्कृतिक गतिविधियाँ

- प्रतिभा खोज कार्यक्रम एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।
- विश्वविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेकर मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया।

8. शैक्षणिक गतिविधियाँ

- कला संकाय– हिंदी दिवस, संविधान दिवस, पर्यावरण दिवस आदि पर प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन एवं श्लोक वाचन आदि प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई।
- विज्ञान संकाय– पोस्टर प्रतियोगिता, ग्लोबल वार्मिंग पर प्रश्नोत्तरी एवं वैज्ञानिक प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।
- वाणिज्य संकाय– बजट 2025 पर परिचर्चा, बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार पर व्याख्यान एवं वितीय लेखांकन विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया।

9. परिवहन सुविधा

- दूर दराज से आने वाली छात्राओं की सुविधा हेतु हरियाणा परिवहन विभाग द्वारा चार बसों की व्यवस्था की गई, जिससे छात्राओं की उपस्थिति एवं शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार हुआ।
- सत्र 2024–25 में राजकीय कन्या महाविद्यालय, उन्हाणी ने शैक्षणिक उत्कृष्टता, सामाजिक सरोकार, सांस्कृतिक समृद्धि एवं छात्राओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। महाविद्यालय का यह प्रयास रहेगा कि भविष्य में भी वह ग्रामीण युवतियों को शिक्षित एवं सशक्त बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता रहे।

Principal
Govt. College for Girls
Unhani (M/Garh)